I कठिन शब्द →

1. रक्त
2. जीवनकाल
3. उपयुक्त
4. पौष्टिक
5. संतुलित
6. किस्म
7. कोशिश
8. मुकाबला
9. आपातस्थिति
10. निराधार

Scanned with CamScanner

II शब्दार्थ →

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रक्त | खून |
| 2. | सवाल | प्रश्न |
| 3. | जीवनकाल | जीने का समय |
| 4. | उपयुक्त | सही |
| 5. | पौष्टिक | शक्ति वर्धक |
| 6. | आहार | भोजन |
| 7. | संतुलित | उचित मात्रा में |
| 8. | किस्म | तरह - तरह |
| 9 | कोशिश | प्रयास |
| 10 | मुकाबला | प्रतियोगिता |
| 11 | आपातस्थिति | संकट काल |
| 12 | निराधार | बिना आधार के |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 13. | अस्पताल | चिकित्सालय |
| 14. | रिपोर्ट | विवरण |
| 15. | जिज्ञासा | जानने की इच्छा |

Scanned with CamScanner

III प्रश्नान्तर →

प्रश्न 1 रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए?

उ० रक्त के बहाव को रोकने के लिए चोट लगने वाले स्थान पर साफ कपड़ा कसकर बाँध देना चाहिए। ताकि बहाव कम हो और दबाव पड़ने से रक्त का बहना कम हो जाता है। फिर घायल व्यक्ति को जल्दी से डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

प्रश्न 2 खून को "भानुमती का पिटारा" क्यों कहा जाता है?

उ० जिस प्रकार कहावत के अनुसार भानुमति के पिटारे में भाँति-भाँति की वस्तुएं होती हैं। उसी प्रकार खून की एक बूंद को सूक्ष्मदर्शी से देखा जाय तो उसमें लाखों की संख्या में लाल रक्त कण मौजू मौजूद होते हैं। इसके अलावा सफेद कण व प्लेटलैट कण भी उसमें पाए जाते हैं।

प्रश्न 3 एनीमिया से बचने के लिए हमें क्या-क्या खाना चाहिए

उ० एनीमिया से बचने के लिए हमें पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए। जैसे हरी सब्जी, फल, दूध अंडा और मांस का प्रयोग करना चाहिए। इसमें प्रोटीन, लौह तत्व और विटामिन काफी मात्रा में मिलते हैं। ये रक्त के निर्माण में सहायक होते हैं, जिससे एनीमिया रोग होने का खतरा टल जाता है।

Scanned with CamScanner

प्र०4 पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं?
उ० पेट में कीड़े दूषित जल और खादय पदार्थों को ग्रहण करने से होते हैं। इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम सफाई से बनाए गए खादय पदार्थ व शुद्ध जल ग्रहण करें। भोजन करने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धो लें। साथ ही साथ साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

5. रक्त के सफेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा गया है
उ० सफेद कणो (रक्त के) को वीर सिपाही इसलिए कहा गया है, क्योंकि ये हमारे शरीर की रक्षा करते हैं। ये रोग के कीटाणुओं को शरीर में घुसने नहीं देते उनसे डटकर मुकाबला करते हैं।

6. ब्लडबैंक मे रक्तदान से क्या लाभ हैं?
उ० ब्लडबैंक मे दान दिए गए रक्त को सुरक्षित रखा जाता है। किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़े तो उसके लिए किसी भी रक्त समूह का रक्त वहाँ से लिया जा सकता है। इस प्रकार आपातकालीन (स्थिति) (मुश्किल घड़ी) में जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाने में ब्लडबैंक में किया हुआ रक्तदान काम आता है।

7. ऑक्सीजन शरीर के हर हिस्से में कौन पहुँचाता है-
उ० लाल कण

पाठ से आगे

1. रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है?
उ० लौह।

2. 'डेंगू' बीमारी में बिंबाणु की कमी पाई जाती है।

Scanned with CamScanner

भाषा की बात :-

1 (क) निम्न शब्दों के प्रयोग से वाक्य बनाइए:-

1. बनते - बनते :- मेरा काम बनते - बनते बिगड़ गया।

2. पहुँचते - पहुँचते :- स्टेशन पर पहुँचते - पहुँचते ट्रेन छूट गई।

3. लेते - लेते :- मैं कार लेते - लेते रह गया।

4. करते - करते :- मैं गृहकार्य करते - करते थक गया।

Scanned with CamScanner

ख. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए :-

1) ठीक-ठीक - यह मशीन ठीक-ठीक काम करती है।

2) घड़ी-घड़ी - बेटा, घड़ी-घड़ी रोना ठीक बात नहीं है।

3) कहीं-कहीं - बीमारी के डर से आपको बाजार में कहीं-कहीं पर ही दुकानें खुली नजर आएँगी।

4) घर-घर - आजकल घर-घर में योग का अभ्यास किया जा रहा है।

5) क्या-क्या - बाजार से क्या-क्या लाना है?

Scanned with CamScanner

PAGE

2. मुहावरों से वाक्य बनाइए —

1. भानुमति का पिटारा — तरह-तरह की वस्तु होना
वाक्य → मेरी दादी का बक्सा भानुमति के पिटारे जैसा है,

2. दस्तक देना — खटखटाना
वाक्य → दरवाजे पर किसी ने दस्तक दी,

3. धावा बोलना — हमला करना
वाक्य — जैसे ही रामू ने कुत्ते को पत्थर मारा कुत्ते ने उस पर धावा बोल दिया,

4. घर करना — स्थान बना लेना
वाक्य — किटाणु शरीर में जाकर घर कर लेते हैं।

5. पीठ ठोकना — शाबासी देना,
वाक्य — सुन्दर चित्र बनाने पर अध्यापिका ने उसकी पीठ ठोकी,

Scanned with CamScanner